# 10 हजार से ज्यादा युवाओं ने देखे 50 बिजनेस मॉडल

## सीएम युवा कॉन्क्लेव : पूरे प्रदेश से जुटी युवाओं की भीड़, दो दिन में आठ हजार से ज्यादा ने दिखाई बिजनेस में रुचि, अन्य राज्यों की कंपनियां भी हुईं शामिल

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में चल रहे तीन दिवसीय सीएम युवा कॉन्क्लेव एंड एक्सपो-2025 के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को पूरे प्रदेश से 10 हजार से युवा पहुंचे। उद्यमी बनने की चाह रखने वाले इन युवाओं ने 50 से ज्यादा बिजनेस मॉडल देखे।

स्टालों पर छात्रों और प्रशिक्षुओं की भारी भीड़ रही। उद्यम लगाने के इच्छुक युवाओं और फ्रेंचाइजी ऑनर्स के बीच 1200 से अधिक वन टू वन बिजनेस मीटिंग हुईं। 8000 बिजनेस से संबंधित पूछताछ की गईं। कॉन्क्लेव में अन्य राज्यों के प्रतिनिधि और कंपनियां भी हिस्सा ले रही हैं।

प्रदेश में पहली बार ऐसा एक्सपो हो रहा है जहां युवाओं को इनोवेटिव बिजनेस आइडिया से जोड़ने के लिए एक ही छत के नीचे 150 से ज्यादा फ्रेंचाइजी ब्रांड्स, मशीनरी प्रदाता, मैन्युफैक्चरिंग बिजनेस मॉडल और 50 बिजनेस ऑन व्हील्स मॉडल्स का डिस्प्ले किया गया है। ये बिजनेस मॉडल खाद्य एवं पेय पदार्थ, रिटेल, शिक्षा, सौंदर्य और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों से संबंधित हैं।



कॉन्क्लेव में बैटरी से चलने वाली साइकिल देखते एमएसएमई मंत्री राकेश सचान। -विभाग

इनमें डॉ गैराज, द बर्गर कंपनी, एमबीए मखानावाला, हनीमैन कैफे, दवा इंडिया, कबाब स्टोरी, ग्लोरिया आइसक्रीम, किडजी प्री स्कूल, धोबीलाइट, मिस्टर सैंडविच, पॉस्टार जैसे नाम शामिल हैं।

एक्सपो में युवा प्रतिभागियों को व्यवसायों के साथ सीधे संवाद का मौका मिला। एक्सपो में विभिन्न ब्रांड्स ने प्रस्तुतीकरण भी हुए। युवाओं को विषय विशेषज्ञों ने एमएसएमई योजनाओं, व्यावहारिक बिजनेस मॉडल, बैंकिंग प्रक्रियाओं, परियोजना रिपोर्ट तैयार करने जैसे विषयों की जानकारी दी गई।

एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने प्रतिभागियों और कंपनियों के बिजनेस मॉडल देखे। सीएम युवा योजना के नोडल अधिकारी सर्वेश्वर शुक्ला ने 10 हजार से अधिक छात्रों, प्रशिक्षुओं और नवप्रवर्तकों को उद्यमशीलता की जानकारी दी।